# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)

## अगस्त भाग-1 2020



दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न Part -1

1. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| संबंधित व्यक्ति | युद्ध |
|---|---|
| 1. हेक्टर मुनरो | बक्सर का युद्ध |
| 2. लॉर्ड हेस्टिंग्स | आंग्ल नेपाल युद्ध |
| 3. लॉर्ड कार्नवालिस | तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 3
d. केवल 2 और 3

2. हाल ही में समाचारों में रहा 'डिडायमोकॉर्पस सिनोइंडिकस' (Didymocarpus Sinoindicus) है:

a. नम चट्टानों पर उगने वाला पौधा
b. लाइकेन की एक प्रजाति
c. एक संक्रमणीय बीमारी
d. सूक्ष्म जीवाणुओं का एक समूह

3. खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 'खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम-1956' के तहत एक सांविधिक निकाय (Statutory Body) है।
2. यह भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।
3. वर्ष 2017 में KVIC ने 'शहद मिशन' (Honey Mission) की शुरुआत की थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

4. निम्नलिखित मूल अधिकारों पर विचार कीजिये:

1. विधि के समक्ष समता
2. अस्पृश्यता का अंत
3. भाषण की स्वतंत्रता
4. उपाधियों का अंत

उपर्युक्त मूल अधिकारों में कौन-से समानता के अधिकार में शामिल हैं?

a. केवल 1, 2 और 3
b. केवल 1, 2 और 4
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2, 3 और 4

नोट :

5. हिंदी उपन्यास की विकास यात्रा में इनका आगमन एक परिवर्तनकारी बिंदु है। उन्होंने अपने लेखन की शुरुआत उर्दू में की थी। कुछ समय बाद उन्होंने हिंदी में लिखना शुरू किया। यद्यपि रचनाकाल के आरंभिक दौर में प्रेमचंद आदर्शोन्मुख यथार्थवादी थे, किंतु जल्द ही वे यथार्थ की ओर उन्मुख हुए और यही उनके उपन्यासों की आत्मा रही। वर्ष 1936 में उन्होंने प्रगतिशील लेखक संघ के पहले अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।

उपर्युक्त गद्यांश में में निम्नलिखित में से किस साहित्यक को सदर्भित किया गया है ?

a. जैंनेद्र
b. हजारी प्रसाद द्विवेदी
c. जयशंकर प्रसाद
d. मुंशी प्रेमचंद

6. 'गैलापागोस द्वीप समूह' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह द्वीप समूह हिंद महासागर में अवस्थित है।
2. यह चीन की केंद्रीय सरकार द्वारा प्रशासित है।
3. इस द्वीप समूह को वर्ष 1978 में यूनेस्को (UNESCO) द्वारा पहले विश्व धरोहर स्थल के रूप में चिह्नित किया गया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही **नहीं** है/हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

7. शैनन-वीनर इंडेक्स (Shannon-Wiener index) संबंधित है ?

a. जैव विविधता से
b. गरीबी की माप से
c. रोज़गार मापक से
d. अवसंरचनात्मक विकास की माप से

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 1813 के चार्टर अधिनियम में पहली बार ब्रिटिश सरकार की तरफ से शिक्षा पर एक लाख रुपए खर्च करने का प्रावधान किया गया था।
2. वर्ष 1854 के 'वुड डिस्पैच' को 'भारतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा' कहा जाता है।
3. हंटर कमीशन ने उच्च शिक्षा के सुधार एवं विकास पर विशेष ज़ोर दिया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

9. अगत्ती (Agatti) द्वीप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में से एक द्वीप है।
2. यहाँ की जलवायु वर्ष भर गर्म रहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/ से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

10. 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' (Pradhan Mantri Jan Aarogya Yojana- PMJAY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस योजना को 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2018' के सुझावों के आधार पर लागू किया गया था।
   2. इसके दूसरे घटक के रूप में 'आयुष्मान भारत योजना' की शुरुआत सितंबर 2018 में राँची (झारखंड) में की गई थी।
   3. 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत अस्पताल से छुट्टी दिये जाने के बाद एक सप्ताह तक इलाज से संबंधित खर्च वहन किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

11. ढोल (Dhole) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह मध्य, दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाने वाला एक शीर्ष मांसाहारी जीव है।
   2. इसे IUCN की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय (Endangered) श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।
   3. इसे वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत अनुसूची II में सूचीबद्ध किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1 और 3
   b. केवल 2
   c. केवल 1 और 2
   d. 1, 2 और 3

12. हाल ही में समाचारों में रहा 'बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र' (Barakah Nuclear Energy Plant) अवस्थित है:
   a. कज़ाकिस्तान
   b. संयुक्त अरब अमीरात
   c. तुर्की
   d. सऊदी अरब

13. यह एक नवीन तकनीकी समाधान है जिसका उद्देश्य देश भर में टीकाकरण आपूर्ति शृंखला प्रणालियों को मज़बूत करना है। इसका कार्यान्वयन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत किया जा रहा है। इसका लक्ष्य देश के सभी कोल्ड चेन पॉइंट्स पर वैक्सीन के भंडार तथा बाज़ार में उपलब्धता एवं भंडारण तापमान पर रियल टाइम जानकारी देना है। COVID-19 महामारी के दौरान अपेक्षित अनुकूलन के साथ आवश्यक प्रतिरक्षण सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने और बच्चों एवं गर्भवती माताओं के टीकाकरण के लिये इस प्रणाली का उपयोग किया गया है।

   उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस नेटवर्क/मिशन को संदर्भित किया गया है?
   a. मिशन इंद्रधनुष
   b. इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (eVIN)
   c. सघन मिशन इंद्रधनुष
   d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

14. हाल ही में चर्चा में रहे 'टाइम कैप्सूल' पद की सही **व्याख्या:** है:
   a. परिवहन की एक प्रणाली है जिसमें मैग्नेट के दो सेटों का उपयोग कर वाहन को उच्च गति प्रदान की जाती है।
   b. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिये लॉन्च की जाने वाली नान-क्रू (मानवरहित) परीक्षण उड़ान है।
   c. एक ऐसी ऐतिहासिक प्रणाली जिसका उपयोग भविष्य के लोगों के साथ संचार की विधि के रूप में किया जाता है
   d. वर्ष 2025 तक मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने की नासा की योजना है।

नोट :

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'निवारक निरोध' के तहत गिरफ्तार किये गए व्यक्ति को संविधान के तहत प्राप्त 'गिरफ्तारी और हिरासत के विरुद्ध संरक्षण' का अधिकार प्राप्त होता है।
2. बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के मामले संविधान के अनुच्छेद-32 के तहत रिट जारी की जाती है
3. बंदी प्रत्यक्षीकरण की रिट जारी करने की शक्ति केवल सर्वोच्च न्यायालय में निहित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

16. हाल ही में समाचारों में रहा 'क्लैडोनोटस भास्करी' (Cladonotus Bhaskari) है:

a. अमरुद की एक प्रजाति
b. ट्विग हॉपर की एक नई प्रजाति
c. शार्क की एक नई प्रजाति
d. धान की एक नई प्रजाति

17. निम्नलिखित में से किसके/किनके द्वारा भारत और पूर्वी एशिया के बीच नेवीगेशन टाइम एवं दूरी को अत्यधिक कम किया जा सकता हैं?

1. मलेशिया और इंडोनेशिया के बीच मलक्का जलडमरूमध्य को अधिक गहरा बना कर।
2. सियाम खाड़ी और अंडमान सागर के बीच भू-संधि/जलडमरूमध्य के पार नई नहर बना कर।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

18. सूर्य का प्रभामंडल (Halo) प्रकाश के अपवर्तन से उत्पन्न होता है:

a. स्तरी मेघों के जलवाष्प में
b. पक्षाभ-कपासी मेघों के हिम स्फटिकों में
c. पक्षाभ मेघों के हिम स्फटिकों में
d. स्तरी मेघों के धूल कणों में

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान में न्यायिक अवमानना पर दंडित करने की शक्ति के संबंध में कोई प्रावधान शामिल नहीं किया गया है।
2. न्यायिक अवमानना पर दंडित करने की शक्ति न केवल सर्वोच्च न्यायालय को अपितु उच्च न्यायालयों, अधीनस्थ न्यायालयों और पंचाटों को भी प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

20. 'सहकार कूपट्यूब NCDC चैनल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरुआत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई है।
2. इसका उद्देश्य किसानों और युवाओं को सहकारी समितियों का लाभ उठाने के लिये प्रोत्साहित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

21. मंदिर वास्तुकला की नागर शैली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस शैली में मंदिर का निर्माण आम तौर पर एक उत्कीर्ण मंच पर किया जाता है जिसे 'जगती' (Jagati) कहा जाता है।
2. नागर शैली के मंदिर आधार से शिखर तक चतुष्कोणीय होते हैं।
3. यह संरचनात्मक मंदिर स्थापत्य शैली जो हिमालय से लेकर विंध्य पर्वत तक के क्षेत्रों में प्रचलित थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

22. कथन (A): भारत में पश्चिमी तट की तुलना में पूर्वी तट में धान का उत्पादन अधिक होता है।

कारण (R): भारत के पूर्वी तट पर पश्चिमी तट की तुलना में अधिक वर्षा होती है।

उपरोक्त कथन (A) और कारण (R) के आधार पर सही उत्तर चुनिये:

a. (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
b. (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
c. (A) सही है, परंतु (R) गलत है।
d. (R) सही है, परंतु (A) गलत है।

23. निम्नलिखित में से किसे विस्फोटक की तरह प्रयोग किया जाता है?

1. फॉसफोरस ट्राईक्लोराइड
2. अमोनियम नाइट्रेट
3. नाइट्रोग्लिसरीन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1
d. केवल 2

नोट :

24. मौद्रिक नीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य आर्थिक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना होता है।
2. भारत सरकार RBI से परामर्श करके प्रतिवर्ष मुद्रास्फीति लक्ष्य को निर्धारित करती है।
3. वर्तमान में मुद्रास्फीति लक्ष्य 2 प्रतिशत की विचलन सीमा के साथ 4 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

25. इस संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 16 में संशोधन किया। संशोधन के माध्यम से भारतीय संविधान में अनुच्छेद 15(6) और अनुच्छेद 16(6) सम्मिलित किया, ताकि अनारक्षित वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को आरक्षण का लाभ प्रदान किया सके। इसी संशोधन के माध्यम से राज्य सरकारों को आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लोगों की उन्नति के लिये विशेष प्रावधान बनाने का अधिकार प्राप्त हुआ।

उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन को संदर्भित किया गया है?

a. 31वाँ संविधान संशोधन
b. 73वाँ संविधानसंशोधन
c. 42वाँ संविधान संशोधन
d. 103वाँ संविधान संशोधन

26. एसएफटीएस वायरस (SFTS Virus) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वायरस, बुन्यावायरस (Bunyavirus) परिवार से संबंधित है और एशियाई टिक के काटने से मनुष्यों में प्रेषित होता है।
2. इस वायरस को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा शीर्ष 10 प्राथमिकता वाले रोगों की सूची में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

27. इस आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1905 में बंगाल विभाजन की घोषणा के बाद हुई। पहली बार इस आंदोलन में स्त्रियों ने घर से बाहर निकल कर विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया, धरने पर बैठीं किंतु यह आंदोलन बंगाल के किसानों को प्रभावित न कर सका, केवल बारिसाल ही इसका अपवाद रहा जहाँ किसानों ने इस आंदोलन में भाग लिया था। रवींद्रनाथ टैगोर इस आंदोलन के आलोचक थे तथा पूर्व एवं पाश्चात्य सभ्यता के मध्य एक बेहतर समन्वय के समर्थक थे। इस आंदोलन के समय जन समर्थन एकत्र करने के उद्देश्य से अश्विनी कुमार दत्त ने 'स्वदेश बांधव समिति' की स्थापना की थी।

उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस आंदोलन को संदर्भित किया गया है?

a. स्वदेशी आंदोलन
b. असहयोग आंदोलन
c. खिलाफत आंदोलन
d. सविनय अवज्ञा आंदोलन

नोट :

28. भारत की प्राचीन कला परंपराओं को पुनर्जीवित करने के लिये एक 'इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरिएंटल आर्ट' की स्थापना किसने की थी?

1. अबनींद्रनाथ टैगोर
2. नंदलाल बोस
3. अमृता शेरगिल

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 2 और 3
b. केवल 1
c. केवल 1 और 2
d. केवल 3

29. 'सुनामी रेडी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सार्क समूह का एक सामुदायिक प्रदर्शन-आधारित कार्यक्रम है।
2. इसका कार्यान्वयन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा स्थापित एक राष्ट्रीय बोर्ड द्वारा किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

30. अवरोध या डेटरेंस की अवधारणा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अवरोध या डेटरेंस की अवधारणा के तहत कोई भी देश हमले को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से न्यूनतम परमाणु हथियार क्षमता को बनाए रखता है।
2. वर्ष 1974 के परमाणु परीक्षण के बाद अपनाई गई 'परमाणु सिद्धांत पर ड्राफ्ट रिपोर्ट' भारत की 'विश्वसनीय न्यूनतम परमाणु अवरोध' की रक्षात्मक नीति को रेखांकित करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

31. हाल ही में समाचारों में रहा 'अराकुनोमिक्स' (Arakunomics) मॉडल प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है:

a. औद्योगिक क्षेत्र से
b. सेवा क्षेत्र से
c. कृषि क्षेत्र से
d. अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र से

32. निम्नलिखित में से किन सत्याग्रह आंदोलनों से गांधी जी प्रत्यक्ष रूप से संबंधित थे?

1. राजकोट सत्याग्रह
2. खेड़ा सत्याग्रह
3. चंपारण सत्याग्रह
4. वायकोम सत्याग्रह

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 3
b. केवल 1, 2 और 4
c. केवल 3
d. केवल 1, 3 और 4

नोट :

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. डेंगू, मच्छरों द्वारा संचारित एक प्रोटोजोआ रोग है।
   2. प्रत्येक नेत्र गुहा पीड़ा डेंगू का लक्षण नहीं है।
   3. त्वचा पित्तिका तथा नाक से रक्त स्राव डेंगू के कुछ लक्षण हैं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 3
   c. केवल 2
   d. केवल 1 और 3

34. सूर्य की संरचना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. सूर्य की बाहरी परत को फोटोस्फीयर कहा जाता है, जिसका तापमान अंतरिम कोर की तुलना में बहुत कम होता है।
   2. कोरोना सूर्य के ब्राह्य वातावरण का निर्माण करता है, जिसका तापमान लगभग एक मिलियन डिग्री सेल्सियस या उससे भी अधिक होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

35. गांधी जी के 'करो या मरो' के नारे के साथ शुरू हुआ यह आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का आखिरी सबसे बड़ा आंदोलन था, जिसमें सभी भारतवासियों ने एक साथ बड़े स्तर पर भाग लिया था। इस आंदोलन के तहत गांधी जी के नेतृत्त्व में पूरा भारत ब्रिटिश साम्राज्यवाद को उखाड़ने के लिये एक साथ आ गया था। 'क्रिप्स मिशन' की असफलता के बाद 'भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस समिति' की बैठक बंबई में हुई और इसमें निर्णय लिया गया कि भारत अपनी सुरक्षा स्वयं करेगा और साम्राज्यवाद तथा फासीवाद का विरोध करता रहेगा।

   उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस आंदोलन को संदर्भित किया गया है?
   a. खिलाफत आंदोलन
   b. असहयोग आंदोलन
   c. सविनय अवज्ञा आंदोलन
   d. भारत छोड़ो आंदोलन

36. यह केरल के इडुक्की ज़िले के देवीकुलम तालुका में दक्षिणी पश्चिमी घाटों के हाई रेंज (कन्नन देवन हिल्स- Kannan Devan Hills) में अवस्थित है। इस उद्यान का राजामलाई (Rajamalai) क्षेत्र पर्यटन के लिये प्रसिद्ध है। केरल सरकार ने कन्नन देवन हिल प्रोड्यूस (Resumption of Lands) अधिनियम, 1971 के तहत 'कन्नन देवन हिल्स प्रोड्यूस कंपनी' से इस क्षेत्र का अधिग्रहण किया था। इसे वर्ष 1978 में एक राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया था। यह उद्यान पश्चिमी घाट में अद्वितीय मोंटेन शोला-ग्रासलैंड वनस्पति (Montane Shola-Grassland vegetation) का प्रतिनिधित्त्व करता है। इस उद्यान में नीलाकुरिंजी (Neelakurinji) नामक विशेष फूल पाए जाते हैं जो प्रत्येक 12 वर्ष में एक बार खिलते हैं। यह उद्यान लुप्तप्राय 'नीलगिरि तहर' की सबसे अधिक आबादी वाला क्षेत्र है।

   उपर्युक्त गद्यांश में केरल के किस राष्ट्रीय उद्यान को संदर्भित किया गया है?
   a. पेरियार राष्ट्रीय उद्यान
   b. एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान
   c. साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान
   d. अनामुडी शोला राष्ट्रीय उद्यान

नोट :

37. भारत में शैल चित्र मुख्य रूप से निम्नलिखित गुफाओं में पाए जाते हैं:

1. भीमबेटका गुफाएँ
2. बाघ गुफाएँ
3. जोगीमारा गुफाएँ
4. अरमामलाई गुफाएँ

निम्नलिखित कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 1
c. केवल 1, 2 और 4
d. 1, 2, 3 और 4

38. 'इन बॉन्ड मैन्युफैक्चरिंग' स्कीम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 65 से संबंधित है।
2. यह योजना अधिकारियों के साथ न्यूनतम फिज़िकल इंटरफेस को बढ़ावा देती है।
3. इस योजना के तहत पूंजीगत सामान के साथ-साथ कच्चे माल या अनुबंध विनिर्माण में उपयोग होने वाले अन्य सामान पर एक समान दर से आयात शुल्क लगाया जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. केवल 3

39. कभी-कभी समाचारों में देखे जाने वाले UNSC संकल्प-1747, संकल्प-1929, संकल्प- 2231 संबंधित हैं:

a. आतंकवादी समूहों पर प्रतिबंध
b. बाल श्रम
c. साझा संपत्ति अधिकार
d. ईरान पर प्रतिबंध

40. हाल ही में चर्चा में रहा 'ई-संजीवनी' है-

a. भारत सरकार का टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म
b. सरकार द्वारा शुरू किया गया एक COVID-19 राहत कार्यक्रम
c. दवाओं के निर्यात को प्रोत्साहन देने संबंधी योजना
d. उत्तर प्रदेश सरकार की नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति

41. सौर-कलंक (Sunspot) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सौर-कलंक सूर्य के कोरोना (Corona) में स्थित ऐसे होते हैं जिनका तापमान तथा चुंबकीय क्षेत्र आसपास के क्षेत्र की तुलना में कम होता है।
2. माउंडर मिनिमम अर्थात् न्यूनतम सौर कलंक सक्रियता के समय धरातलीय सतह तथा उसके वायुमंडल का शीतलन होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

42. राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति- 2018 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस नीति के द्वारा एथेनॉल उत्पादन हेतु कच्चे माल का विस्तार खाद्यान्न सामग्री तक किया गया है।
2. नीति के तहत जैव ईंधन की तीन श्रेणियाँ निर्धारित की गई हैं जहाँ प्रथम (1G) तथा दूसरी पीढ़ी (2G) को 'आधारभूत जैव ईंधन' कहा गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भुगतान शेष किसी देश के निवासियों के विश्व के साथ हुए मौद्रिक लेन-देनों के लेखांकन को रिकॉर्ड करता है।
2. किसी देश का भुगतान शेष (BoP) विवरण यह बताता है कि उस देश का विनिर्माण उद्योग की स्थिति को प्रदर्शित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

44. हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 'इंदिरा वन मितान योजना' शुरू की गई है, इस योजना का उद्देश्य है-

a. मुफ्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना
b. भुगतान संतुलन में सुधार करना
c. गैर-जीवाश्म ईंधनों को लेकर जागरुकता फैलाना
d. वनवासियों को आत्मनिर्भर बनाना

45. निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिये:

1. चालू खाता
2. मुद्रास्फीति
3. पूंजी खाता
4. राजकोषीय घाटा

उपयुक्त में से कौन सा/से विकल्प भुगतान शेष के घटक **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 1 और 3
c. केवल 4
d. केवल 2 और 4

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय जैव ईंधन समन्वय समिति की अध्यक्षता भारतीय प्रधानमंत्री करते हैं।
2. जैव ईंधन पर नई राष्ट्रीय नीति-2018' में वर्ष 2030 तक पेट्रोल में इथेनॉल का 20% तथा डीज़ल में 5% के सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा गया है।
3. जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति-2009 में खाद्य बनाम ईंधन के बीच संभावित संघर्ष से बचने के लिये केवल गैर-खाद्य संसाधनों का जैव ईंधन सामग्री के रूप में उपयोग करने का प्रावधान किया गया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 1
c. केवल 1 और 2
d. केवल 3

**नोट :**

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'ट्रॉपिकल बटरफ्लाई कंज़र्वेटरी' को एशिया का सबसे बड़ा तितली पार्क माना जाता है।
2. तितलियाँ एक स्वस्थ पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र की संकेतक होती हैं।
3. तितलियाँ परागण की प्रक्रिया के द्वारा वैश्विक खाद्य श्रृंखला में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 1
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

48. सीमांत निधि लागत पर आधारित उधार दर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह बैंक की उस न्यूनतम ब्याज दर को संदर्भित करती है, जिससे नीचे ऋण प्रदान नहीं किया जा सकता है।
2. यह प्रत्येक बैंक द्वारा आंतरिक रूप से निर्धारित की जाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

49. हाल ही में समाचारों में रहा 'स्ट्रिआनास्सा लेराई' (Strianassa Lerayi) है:

a. मछली की एक प्रजाति
b. झींगा की एक प्रजाति
c. सांप की एक प्रजाति
d. आर्किड की एक प्रजाति

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कोइबा नेशनल पार्क चिरिकुई की खाड़ी (Gulf of Chiriquí) में अवस्थित एक समुद्री रिज़र्व है।
2. इसे वर्ष 2005 में यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल का दर्जा दिया गया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

51. 'द ग्लोबल फंड टू फाइट एड्स, टीबी एंड मलेरिया' (THE Global Fund to Fight AIDS, TB and Malaria) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तपोषक एवं सहयोगात्मक संगठन है।
2. इसे वर्ष 2002 में सरकारों, नागरिक समाज, निजी क्षेत्रों एवं बीमारियों से प्रभावित लोगों के बीच एक साझेदारी के रूप में गठित किया गया था।
3. यह एड्स, टीबी और मलेरिया की रोकथाम, उपचार एवं देखभाल के लिये दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 1
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

नोट :

52. हाल ही में समाचारों में रहा 'माउंट सिनाबंग' (Mount Sinabung) अवस्थित है:

a. चिली
b. फिलीपींस
c. इंडोनेशिया
d. पेरू

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'एलीफैंट रिइंट्रोडक्शन फाउंडेशन' थाईलैंड में स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन है।
2. अफ्रीकी हाथी को IUCN की रेड लिस्ट में सुभेद्य (Vulnerable) श्रेणी में जबकि एशियाई हाथी को संकटापन्न (Endangered) श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।
3. 'सुरक्षा' (Surakshya) नामक राष्ट्रीय पोर्टल भारतीय हाथियों को होने वाले रोगों की रोकथाम से संबंधित है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 1
c. केवल 1 और 2
d. केवल 3

54. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

1. सेरेस : मंगल और बृहस्पति ग्रह के बीच स्थित एक बौना ग्रह
2. SN5 स्टारशिप प्रोटोटाइप : स्पेसएक्स कंपनी का स्टेनलेस स्टील परीक्षण वाहन
3. कैसिनी-हाईगेंस : शनि ग्रह पर भेजा गया मानवरहित अंतरिक्ष यान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

55. मेगा प्रयोगशालाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इनका संचालन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है।
2. COVID-19 परीक्षणों में सटीकता बढ़ाने के लिये इन प्रयोगशालाओं में नेक्स्ट जनरेशन सीक्वेंसिंग मशीन की स्थापना की जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

56. संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (UNCLOS) के तहत समुद्री संसाधनों के लिये वर्गीकृत किये गए तीन क्षेत्रों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

1. आंतरिक जल (IW) : बेसलाइन की भूमि के किनारे का क्षेत्र
2. प्रादेशिक सागर (TS) : बेसलाइन से 12 समुद्री मील की दूरी तक फैला क्षेत्र
3. अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) : बेसलाइन से 200 नॉटिकल मील की दूरी तक फैला क्षेत्र

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

57. हाल ही में समाचारों में रहा 'SPT0418-47' है:

a. एक उल्कापिंड
b. एक क्षुद्र ग्रह
c. एक नई आकाशगंगा
d. एक अंतरिक्ष यान

58. 'भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद' (ICAR) के डेटा रिकवरी सेंटर 'कृषि मेघ' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस डेटा रिकवरी सेंटर को हैदराबाद में राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी (NAARM) में स्थापित किया गया है।
2. इसकी स्थापना भारत सरकार और विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (NAHEP) के तहत की गई है।
3. यह भारत सरकार के प्रमुख अनुसंधान निकाय 'भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद' (ICAR) के महत्त्वपूर्ण आँकड़ों की रक्षा करेगा।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 1
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लिथोबैटेस कैटेस्बेइनस उत्तरी अमेरिका एवं पूर्वोत्तर भारत में पाया जाने वाला एक बुलफ्रॉग है।
2. पोडार्किस मुरालिस एक सामान्य दीवार वाली छिपकली है जो यूरोप एवं उत्तरी अमेरिका में पाई जाती है।
3. टायफ्लोचाक्टस मिटचेल्ली एक स्थानिक मैक्सिकन स्कॉर्पियन प्रजाति है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 1
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

60. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल इज़राइल और जॉर्डन के बीच एक 'सेंडविच' के रूप में स्थित है:

a. गाजा पट्टी
b. वेस्ट बैंक
c. गोलन हाइट्स
d. तेल अलीव

## व्याख्या

1. (a)

**व्याख्या:**

- बक्सर का युद्ध (अक्तूबर, 1764) मीर कासिम, अवध के नवाब शुजाउद्दौला एवं मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय की संयुक्त सेना तथा अंग्रेज़ों के मध्य हुआ था। इस युद्ध में अंग्रेज़ विजयी रहे। इस युद्ध में अंग्रेज़ सेना का नेतृत्त्व हेक्टर मुनरो ने किया था। **अतः युग्म 1 सही है।**
- 'आंग्ल-नेपाल युद्ध' (वर्ष 1814-16) जिसे 'गोरखा युद्ध' भी कहा जाता है, के दौरान ब्रिटिश भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड हेस्टिंग्स थे। यह युद्ध वर्ष 1816 की सुगौली की संधि पर हस्ताक्षर के साथ समाप्त हुआ था। इस युद्ध के बाद ब्रिटिश ईस्ट इंडिया ने पहली बार अपनी सेना में गोरखाओं को भर्ती करना शुरू किया। **अतः युग्म 2 सही है।**

नोट :

- तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध (वर्ष 1817-18) लॉर्ड हेस्टिंग्स से संबंधित है। इस युद्ध में पेशवा बाजीराव द्वितीय ने कोरेगाँव एवं किर्की (खड़की) के युद्ध में हारने के बाद फरवरी, 1818 में अंग्रेज़ों के समक्ष समर्पण कर दिया था। **अतः युग्म 3 सही नहीं है।**

2. (a)

**व्याख्या:**

- 'डिडायमोकॉर्पस सिनोइंडिकस' (Didymocarpus Sinoindicus) डिडायमोकॉर्पस (Didymocarpus) या स्टोनफ्लावर (Stoneflower) की एक नई प्रजाति है। यह प्रजाति अक्सर नम चट्टानों एवं पत्थरों पर उगती है। यह प्रजाति दक्षिण एशिया के वर्षा वनों में पाई जाती है। स्टोनफ्लावर की चीन में 34 प्रजातियाँ और भारत लगभग 25 प्रजातियाँ पाई जाती हैं जिनमें से अधिकांश पूर्वोत्तर भारत में पाई जाती हैं। **अतः विकल्प (a) सही है।**
- हाल ही में भारतीय एवं चीनी वैज्ञानिकों की एक टीम ने पूर्वोत्तर भारत व चीन के युन्नान (Yunnan) प्रांत में 'डिडायमोकॉर्पस सिनोइंडिकस' की खोज की है।
- इस प्रजाति के जीनस से संबंधित एक अन्य प्रजाति 'डिडायमोकॉर्पस भूटानिकस' (Didymocarpus Bhutanicus) को फरवरी, 2020 में सिक्किम में पहली बार 'भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (Botanical Survey of India)' की एक टीम द्वारा खोजा गया था जो पहले केवल भूटान में ही पाई जाती थी।

3. (d)

**व्याख्या:**

- खादी और ग्रामोद्योग आयोग (Khadi and Village Industries Commission) 'खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम-1956' के तहत एक सांविधिक निकाय (Statutory Body) है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (Ministry of MSME) के अंतर्गत कार्य करने वाली एक प्रमुख संस्था है। **अतः कथन 2 सही है।**
- KVIC का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ भी आवश्यक हो अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर खादी एवं ग्रामोद्योगों की स्थापना तथा विकास के लिये योजनाएँ बनाना, उनका प्रचार-प्रसार करना तथा सुविधाएँ एवं सहायता प्रदान करना है।
- KVIC ने वर्ष 2017 में 'शहद मिशन' (Honey Mission) की शुरुआत की थी ताकि इसके तहत मधुमक्खी पालकों को प्रशिक्षित किया जा सके। **अतः कथन 3 सही है।**

4. (b)

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान में समानता के अधिकार को अनुच्छेद 14 से 18 में निम्नलिखित प्रकार से वर्णित किया गया है-
- अनुच्छेद-14: विधि के समक्ष समता
- अनुच्छेद-15: धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध
- अनुच्छेद-16: लोक नियोजन के विषयों में अवसर की समता
- अनुच्छेद-17: अस्पृश्यता (छुआछूत) का अंत
- अनुच्छेद-18: उपाधियों का अंत
- भाषण की स्वतंत्रता अनुच्छेद-19(a) के तहत स्वतंत्रता के अधिकार के रूप में वर्णित है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

5. (d)

**व्याख्या:**

- 31 जनवरी, 2020 को प्रेमचंद की 140वीं जयंती मनाई गई। प्रेमचंद को हिंदी और उर्दू का सर्वाधिक लोकप्रिय उपन्यासकार, कहानीकार एवं विचारक माना जाता है।
- प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई, 1880 को वाराणसी के निकट लमही नाम के एक गाँव में हुआ था। हिंदी उपन्यास की विकास यात्रा में प्रेमचंद का आगमन एक परिवर्तनकारी बिंदु है।

नोट :

- हालाँकि उन्होंने अपने लेखन की शुरुआत उर्दू में 'नवाब राय' के नाम से की थी। कुछ समय बाद उन्होंने 'मुंशी प्रेमचंद' के नाम से हिंदी में लिखना शुरू किया।
- यद्यपि रचनाकाल के आरंभिक दौर में प्रेमचंद आदर्शोन्मुख यथार्थवादी थे, किंतु जल्द ही वे यथार्थ की ओर उन्मुख हुए और यही उनके उपन्यासों की आत्मा रही।
- प्रेमचंद ने अपने उपन्यास में केवल सामाजिक-आर्थिक यथार्थ को ही शामिल नहीं किया है बल्कि मनोवैज्ञानिक सत्यों को भी उजागर किया है।
- प्रेमचंद को हिंदी साहित्य का युग प्रवर्तक माना जाता है, उन्होंने वर्ष 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ की अध्यक्षता करते हुए कहा था कि लेखक स्वभाव से प्रगतिशील होता है, जो ऐसा नहीं है वह लेखक नहीं है।
- एक हिंदी लेखक के तौर पर उन्होंने लगभग दर्जन भर उपन्यास, 250 लघु कथाएँ और कई निबंधों की रचना की। 8 अक्तूबर, 1936 को प्रेमचंद की मृत्यु हो गई। **अतः विकल्प (d) सही है।**

6. (a)

**व्याख्या:**

- 'गैलापागोस द्वीप समूह' प्रशांत महासागर में अवस्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- 'गैलापागोस द्वीप समूह' दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर का हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 1978 में गैलापागोस द्वीप समूह को यूनेस्को (UNESCO) द्वारा पहले विश्व धरोहर स्थल के रूप में चिह्नित किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

7. (a)

**व्याख्या:**

- भारत, विश्व में 17 अति जैव विविधता वाले देशों में से एक है। यह जैव विविधता से संबंधित शैनन-वीनर इंडेक्स (Shannon-Wiener index) में प्रदर्शित होता है जिसका प्रयोग प्रचुर एवं पर्याप्त प्रजातीय वर्गों के मापन के लिये किया जाता है।
- भारत के संदर्भ में इस इंडेक्स से यह पता चलता है कि उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन केरल के बाद कर्नाटक में अधिक हैं। उष्णकटिबंधीय आर्द्र पतझड़ी वन क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र में अधिक हैं। उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़ी वन अरुणाचल प्रदेश में अधिक हैं और अर्द्ध-सदाबहार वन कर्नाटक में अधिक हैं। उष्णकटिबंधीय तटीय और दलदल वन उत्तर प्रदेश में अधिक हैं और उष्णकटिबंधीय काँटेदार वन व्यापक रूप से आंध्र प्रदेश में दिखाई देते हैं। **अतः विकल्प (a) सही है।**

8. (a)

**व्याख्या:**

- 1813 के चार्टर अधिनियम के तहत ईस्ट इंडिया कंपनी ने पहली बार शिक्षा के प्रति सरकारी उत्तरदायित्व उठाया। प्रतिवर्ष शिक्षा के लिये एक लाख रुपए खर्च करने की व्यवस्था इस अधिनियम में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- वुड घोषणा पत्र 'बोर्ड ऑफ कंट्रोल' के प्रमुख चार्ल्स वुड द्वारा 19 जुलाई, 1854 को जारी किया गया था। इस घोषणा पत्र में भारतीय शिक्षा पर एक व्यापक योजना प्रस्तुत की गई थी जिसे 'वुड डिस्पैच' कहा जाता है। इस घोषणा पत्र को 'भारतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा' भी कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1854 के पश्चात् शिक्षा के क्षेत्र में हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिये वर्ष 1882 में W. W. हंटर की अध्यक्षता में एक आयोग की नियुक्ति की गई। इस आयोग की रिपोर्ट में प्राथमिक शिक्षा के सुधार एवं विकास पर विशेष ज़ोर दिया गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

9. (d)

**व्याख्या:**

- अगत्ती (Agatti) द्वीप अरब सागर में कोच्चि से लगभग 459 किमी. (248 समुद्री मील) की दूरी पर तथा कवरत्ती द्वीप के पश्चिम में अवस्थित है। यह लक्षद्वीप द्वीप समूह में से एक द्वीप है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- अगत्ती द्वीप में मूँगा वृद्धि और बहुरंगी प्रवाल मछलियाँ बहुतायत में पाई जाती हैं।
- मत्स्य पालन अगत्ती द्वीप का सबसे महत्त्वपूर्ण उद्योग है। मिनिकॉय द्वीप के अलावा यह एकमात्र द्वीप है जहाँ बहुत अधिक मात्रा में मछलियाँ पाई जाती हैं। मत्स्य पालन के बाद जूट और खोपरा (नारियल गिरी) यहाँ के मुख्य उद्योग हैं।
    - अगत्ती की जलवायु केरल की जलवायु परिस्थितियों के समान है। यहाँ मार्च से मई महीने तक साल का सबसे गर्म समय होता है। यहाँ औसत वार्षिक वर्षा 1600 मिमी. तक होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

10. (c)

**व्याख्या:**

- 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017' के सुझावों के आधार पर लागू किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके दूसरे घटक के रूप में 'आयुष्मान भारत योजना' की शुरुआत सितंबर 2018 में राँची (झारखंड) में की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत अस्पताल में भर्ती होने से पहले के 3 दिन और अस्पताल से छुट्टी दिये जाने के बाद 15 दिनों तक इलाज से संबंधित खर्च वहन किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

11. (d)

**व्याख्या:**

- ढोल (Dhole) जिसे 'एशियाई जंगली कुत्ता' (Asiatic Wild Dog) के रूप में भी जाना जाता है। यह मध्य, दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया के उष्णकटिबंधीय वनों में निवास करने वाला एक शीर्ष सामाजिक मांसाहारी जीव है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बाघ के अलावा भारत में ढोल एकमात्र बड़ा मांसाहारी जीव है जिसे IUCN की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय (Endangered) श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे CITES की परिशिष्ट II में और वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 [Wildlife (Protection) Act] के तहत अनुसूची II में सूचीबद्ध किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

12. (b)

**व्याख्या:**

- बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र (Barakah Nuclear Energy Plant) अबू धाबी (UAE) के अल धफरा क्षेत्र (Al Dhafrah Region) में अवस्थित है। यह अरब जगत का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। इस परमाणु ऊर्जा संयंत्र की कुल क्षमता 5600 मेगावाट है जिसका उद्देश्य UAE को 25% ऊर्जा की आपूर्ति है।
- हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र (Barakah Nuclear Energy Plant) के चार रिएक्टरों में से पहले रिएक्टर का संचालन शुरू किया है। **अत: विकल्प (b) सही है।**

13. (b)

**व्याख्या:**

- इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (eVIN) एक नवीन तकनीकी समाधान है जिसका उद्देश्य देश भर में टीकाकरण आपूर्ति श्रृंखला प्रणालियों को मज़बूत करना है। इसका कार्यान्वयन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (National Health Mission- NHM) के तहत किया जा रहा है।
- eVIN का लक्ष्य देश के सभी कोल्ड चेन पॉइंट्स पर वैक्सीन के भंडार तथा बाज़ार में उपलब्धता एवं भंडारण तापमान पर रियल टाइम जानकारी देना है।
- COVID-19 महामारी के दौरान अपेक्षित अनुकूलन के साथ आवश्यक प्रतिरक्षण सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने और बच्चों एवं गर्भवती माताओं के टीकाकरण के लिये इस प्रणाली का उपयोग किया गया है।
- eVIN देश भर में कई स्थानों पर रखे गए टीकों के स्टॉक और भंडारण तापमान की रियल टाइम निगरानी करने के लिये एक मज़बूत आईटी अवसंरचना और प्रशिक्षित मानव संसाधन को आपस में जोड़ती है।

नोट :

- वर्तमान में 22 राज्यों और 5 केंद्रशासित प्रदेशों के 585 ज़िलों में 23,507 कोल्ड चेन पॉइंट्स नियमित रूप से कुशल वैक्सीन लॉजिस्टिक्स प्रबंधन के लिये eVIN तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। **अतः विकल्प (b) सही है।**

14. (c)

**व्याख्या:**

- 'टाइम कैप्सूल' एक ऐसी ऐतिहासिक प्रणाली है, जिसका उपयोग भविष्य के लोगों के साथ संचार की विधि के रूप में किया जाता है।
- यह किसी भी आकार या आकृति का एक कंटेनर होता है, जिसमें वर्तमान समय के दस्तावेज़, फोटो और कलाकृतियों को रखा जाता है तथा आने वाली पीढ़ियों की खोज के लिये इसे भूमिगत दफन किया जाता है।
- टाइम कैप्सूल के निर्माण के लिये विशेष इंजीनियरिंग की आवश्यकता होती है ताकि लंबी समयावधि के बाद भी कैप्सूल में रखी गई सामग्री का क्षय न हो।
- अयोध्या में राम मंदिर निर्माण स्थल पर जमीन के नीचे एक 'टाइम कैप्सूल' (Time Capsule) या काल पत्र (Kaal Patra) रखे जाने की खबरों को लेकर विभिन्न प्रकार के दावे पेश किये जा रहे हैं। **अतः विकल्प (c) सही है।**

15. (b)

**व्याख्या:**

- 'निवारक निरोध', राज्य को यह शक्ति प्रदान करता है कि वह किसी व्यक्ति को कोई संभावित अपराध करने से रोकने के लिये हिरासत में ले सकता है।
- संविधान के अनुच्छेद 22(3) के तहत यह प्रावधान है कि यदि किसी व्यक्ति को 'निवारक निरोध' के तहत गिरफ्तार किया गया है या हिरासत में लिया गया है तो उसे अनुच्छेद 22(1) और 22(2) के तहत प्राप्त 'गिरफ्तारी और हिरासत के खिलाफ संरक्षण' का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के पास संविधान के अनुच्छेद-32 के तहत रिट जारी करने का अधिकार होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह उस व्यक्ति के संबंध में न्यायालय द्वारा जारी आदेश होता है, जिसे दूसरे द्वारा हिरासत में रखा गया है। यह किसी व्यक्ति को जबरन हिरासत में रखने के विरुद्ध होता है।
- बंदी प्रत्यक्षीकरण वह रिट है जिसकी कल्पना एक ऐसे व्यक्ति को त्वरित न्याय प्रदान करने के लिये एक प्रभावी साधन के रूप में की गई थी जिसने बिना किसी कानूनी औचित्य के अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता खो दी है।
- भारत में बंदी प्रत्यक्षीकरण की रिट जारी करने की शक्ति केवल सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय में निहित है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- बंदी प्रत्यक्षीकरण की रिट सार्वजनिक प्राधिकरणों या व्यक्तिगत दोनों के विरुद्ध जारी की जा सकती है।

16. (b)

**व्याख्या:**

- 'क्लैडोनोटस भास्करी' (Cladonotus Bhaskari), ट्विग हॉपर (Twig Hopper) की एक नई प्रजाति है जिसे श्री लंका के सिंहराजा वर्षावन (Sinharaja Rainforest) में खोजा गया है।
- ट्विग हॉपर (Twig Hopper) की इस नई प्रजाति 'क्लैडोनोटस भास्करी' (Cladonotus Bhaskari) का नामकरण 'केरल वन अनुसंधान संस्थान' (Kerala Forest Research Institute- KFRI) के एक युवा संरक्षण जीवविज्ञानी एवं टिड्डी विशेषज्ञ, धनेश भास्कर के नाम पर रखा गया है। पिछले 116 वर्षों में खोजी जाने वाली यह पहली नई ट्विग हॉपर (क्लैडोनोटस) प्रजाति है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

17. (b)

**व्याख्या:**

- सियाम खाड़ी और अंडमान सागर के बीच भू-संधि/जलडमरूमध्य के पार नई नहर बना कर भारत और पूर्वी एशिया के बीच नेवीगेशन टाइम एवं दूरी को अत्यधिक कम किया जा सकता है। थाईलैंड की खाड़ी, जिसे सियाम की खाड़ी के रूप में भी जाना जाता है, कंबोडिया, थाईलैंड और वियतनाम द्वारा सीमाबद्ध है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

**नोट :**

18. (c)

**व्याख्या:**

- चंद्रमा अथवा सूर्य के चारों ओर पक्षाभ (Cirrus) एवं पक्षाभ-स्तरी (Cirro-Stratus) बादलों के बने प्रतिबिम्बन से बने दूधिया रंग के छल्ले को 'प्रभामंडल' कहते है। **अत: विकल्प (c) सही है।**

19. (b)

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-129 सर्वोच्च न्यायालय को और अनुच्छेद-215 उच्च न्यायालयों को अवमानना पर दंडित करने की शक्ति प्रदान करते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 'न्यायालय की अवमानना अधिनियम' (Contempt of Courts Act)- 1971 इसे वैधानिक समर्थन प्रदान करता है।
- सर्वोच्च न्यायालय के पास अवमानना पर दंडित करने का अधिकार है। दंड देने की यह शक्ति न केवल सर्वोच्च न्यायालय में निहित है, बल्कि ऐसा ही अधिकार उच्च न्यायालयों, अधीनस्थ न्यायालयों और पंचाटों को भी प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही है।**

20. (c)

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (National Cooperative Development Corporation- NCDC) की एक नई पहल 'सहकार कूपट्यूब NCDC चैनल' (Sahakar Cooptube NCDC Channel) की शुरुआत की है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य किसानों और युवाओं को सहकारी समितियों का लाभ उठाने के लिये प्रोत्साहित करना है। इस चैनल के माध्यम से लोगों में सहकारिता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा युवाओं के लिये रोज़गार के अवसर भी उत्पन्न हो सकेंगे। **अत: कथन 2 सही है।**

21. (d)

**व्याख्या:**

- मंदिर वास्तुकला की नागर शैली: 'नागर' शब्द 'नगर' से बना है। सर्वप्रथम नगरों के निर्माण में इस शैली के प्रयोग होने के कारण इसे मंदिर वास्तुकला की नागर शैली कहते हैं। नागर शैली में मंदिर का निर्माण आम तौर पर एक उत्कीर्ण मंच पर किया जाता है जिसे 'जगती' (Jagati) कहा जाता है। मंडप, गर्भगृह के ठीक सामने मौजूद होता है, ये शिखर से सुशोभित होते हैं जो गर्भगृह के ठीक ऊपर होते है। **अत: कथन 1 सही है।**
- नागर शैली की पहचान-विशेषताओं में समतल छत से उठती हुई शिखर की प्रधानता पाई जाती है। इसे अनुप्रस्थिका एवं उत्थापन समन्वय भी कहा जाता है। नागर शैली के मंदिर आधार से शिखर तक चतुष्कोणीय होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह संरचनात्मक मंदिर स्थापत्य की एक शैली है जो हिमालय से लेकर विंध्य पर्वत तक के क्षेत्रों में प्रचलित थी। **अत: कथन 3 सही है।**

22. (c)

**व्याख्या:**

- भारत का पश्चिमी तट पूर्वी तट की अपेक्षा संकीर्ण है। पूर्वी तट की नदी घाटियों में धान की बड़े पैमाने पर कृषि की जाती है, जबकि पश्चिमी तट में अपेक्षाकृत कम धान पैदा किया जाता है। अत: कथन (A) सही है।
- जबकि कारण (R) पश्चिमी तट, पूर्वी तट की अपेक्षा अधिक वर्षा प्राप्त करता है, गलत है। **अत: विकल्प (c) सही है।**

23. (b)

**व्याख्या:**

- नाइट्रोग्लिसरीन एक भारी, रंगहीन, तैलीय विस्फोटक तरल पदार्थ है। इसे ग्लिसरिल ट्राईनाइट्रेट या 1, 2, 3-ट्राईनाइट्रॉक्सी प्रोपेन के नाम से भी जाना जाता है।

नोट :

- अमोनियम नाइट्रेट, एक रंगहीन, गंधहीन क्रिस्टलीय पदार्थ है। यह जल में अत्यधिक घुलनशील है, जल में घुलित अमोनियम नाइट्रेट के घोल को गर्म करने पर यह नाइट्रस ऑक्साइड (लॉफिंग गैस) में बदल जाता है। इसे आमतौर पर एक उर्वरक के रूप में उपयोग किया जाता है। जब अमोनियम नाइट्रेट को ईंधन तेलों के साथ संयुक्त किया जाता है तो यह एक शक्तिशाली विस्फोटक का निर्माण करता है जिसका उपयोग आमतौर पर विनिर्माण उद्योगों द्वारा किया जाता है। **अत: विकल्प (b) सही है।**

24. (c)

**व्याख्या:**

- मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य आर्थिक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना होता है। मूल्य स्थिरता स्थायी विकास के लिये आवश्यक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम-1934 के अनुसार, भारत सरकार RBI से परामर्श करके प्रत्येक पाँच वर्षों में एक बार मुद्रास्फीति लक्ष्य को निर्धारित करेगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्र सरकार ने इसे 'उपभोक्ता मूल्य सूचकांक' (CPI) के अनुसार, 5 अगस्त, 2016 से 31 मार्च, 2021 की अवधि के लिये 4 प्रतिशत निर्धारित किया है जिसकी ऊपरी सीमा 6 प्रतिशत और निम्न सीमा 2 प्रतिशत है। **अत: कथन 3 सही है।**

25. (d)

**व्याख्या:**

- वर्ष 2019 में 103वें संविधान संशोधन के माध्यम से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 16 में संशोधन किया। संशोधन के माध्यम से भारतीय संविधान में अनुच्छेद 15 (6) और अनुच्छेद 16 (6) सम्मिलित किया, ताकि अनारक्षित वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को आरक्षण का लाभ प्रदान किया सके।
- संविधान का अनुच्छेद 15 (6) राज्य को खंड (4) और खंड (5) में उल्लेखित लोगों को छोड़कर देश के सभी आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों की उन्नति के लिये विशेष प्रावधान बनाने और शिक्षण संस्थानों (अनुदानित तथा गैर-अनुदानित) में उनके प्रवेश हेतु एक विशेष प्रावधान बनाने का अधिकार देता है, हालाँकि इसमें संविधान के अनुच्छेद 30 के खंड (1) में संदर्भित अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को शामिल नहीं किया गया है।
- संविधान का अनुच्छेद 16 (6) राज्य को यह अधिकार देता है कि वह खंड (4) में उल्लेखित वर्गों को छोड़कर देश के सभी आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लोगों के पक्ष में नियुक्तियों या पदों के आरक्षण का कोई प्रावधान करें, यहाँ आरक्षण की अधिकतम सीमा 10 प्रतिशत है, जो कि मौजूदा आरक्षण के अतिरिक्त है। **अत: विकल्प (d) सही है।**

26. (c)

**व्याख्या:**

- 'थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ गंभीर बुखार' (Severe Fever with Thrombocytopenia Syndrome-SFTS) वायरस, बुन्यावायरस (Bunyavirus) परिवार से संबंधित है और टिक के काटने से मनुष्यों में प्रेषित होता है। वायरोलॉजिस्ट मानते हैं कि एक एशियाई टिक (Asian Tick) जिसे 'हेमाफिसलिस लॉन्गिकोर्निस' (Haemaphysalis Longicornis) कहा जाता है, वायरस का प्राथमिक वाहक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस वायरस की पहचान सबसे पहले चीन में शोधकर्त्ताओं की एक टीम ने एक दशक पहले की थी। वर्ष 2009 में चीन के हुबेई और हैनान प्रांतों के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ मामले सामने आए थे।
- जिस दर से यह वायरस फैलता है और इसकी उच्च मृत्यु दर के कारण, SFTS वायरस को विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation- WHO) द्वारा शीर्ष 10 प्राथमिकता वाले रोगों की सूची में सूचीबद्ध किया गया है। यह बीमारी मार्च और नवंबर के बीच फैलने वाली बीमारी के रूप में जानी जाती है। शोधकर्त्ताओं ने पाया है कि अप्रैल और जुलाई के बीच संक्रमण की कुल संख्या आमतौर पर शीर्ष पर होती है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

27. (a)

**व्याख्या:**

- ब्रिटिश सरकार (लॉर्ड कर्जन) ने 20 जुलाई, 1905 को बंगाल के विभाजन की घोषणा कर दी। जिसके परिणामस्वरूप 7 अगस्त, 1905 को कलकत्ता (अब कोलकाता) के टाउनहाल में स्वदेशी आंदोलन की घोषणा की गई। इसी बैठक में ऐतिहासिक 'बहिष्कार प्रस्ताव' पारित हुआ जिसमें ब्रिटिश वस्तुओं के बहिष्कार को राष्ट्रीय नीति के रूप में अपनाया गया।
- पहली बार इस आंदोलन में स्त्रियों ने घर से बाहर निकल कर विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया, धरने पर बैठीं किंतु यह आंदोलन बंगाल के किसानों को प्रभावित न कर सका, केवल बारिसाल ही इसका अपवाद रहा जहाँ किसानों ने इस आंदोलन में भाग लिया था।
- रवींद्रनाथ टैगोर स्वदेशी आंदोलन के आलोचक थे तथा पूर्व एवं पाश्चात्य सभ्यता के मध्य एक बेहतर समन्वय के समर्थक थे। इस आंदोलन के समय जन समर्थन एकत्र करने के उद्देश्य से अश्विनी कुमार दत्त ने 'स्वदेश बांधव समिति' की स्थापना की थी। **अतः विकल्प (a) सही है।**

28. (b)

**व्याख्या:**

- वर्ष 1905 में बंगाल विभाजन की घोषणा के बाद राष्ट्रीय आंदोलन के बढ़ते प्रभाव के वातावरण में अबनींद्रनाथ टैगोर ने वर्ष 1907 में अपने बड़े भाई गगनेंद्रनाथ के साथ मिलकर 'इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरिएंटल आर्ट' (Indian Society of Oriental Art) की स्थापना की, जिसके द्वारा प्राच्य कला-मूल्यों का पुनर्जीवन एवं आधुनिक भारतीय कला में नई चेतना जागृत हुई। **अतः विकल्प (b) सही है।**

29. (b)

**व्याख्या:**

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization- UNESCO) द्वारा ओडिशा के दो गाँवों को सुनामी से निपटने हेतु तैयारियों के लिये 'सुनामी रेडी' (Tsunami Ready) के रूप में नामित किया गया है।
- 'सुनामी रेडी', UNESCO-IOC का एक सामुदायिक प्रदर्शन-आधारित कार्यक्रम है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसे UNESCO-IOC द्वारा सार्वजनिक, सामुदायिक नेताओं और राष्ट्रीय तथा स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसियों के सक्रिय सहयोग के माध्यम से, 'सुनामी रेडी' को बढ़ावा देने के लिये शुरू किया गया है।
- 'सुनामी रेडी' के कार्यान्वयन को लागू करने और निगरानी के लिये, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा INCOIS के निदेशक की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय बोर्ड की स्थापना की गई है।
- इस बोर्ड में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (Ministry of Earth Sciences), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (National Disaster Management Authority- NDMA), गृह मंत्रालय, OSDMA, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह आपदा प्रबंधन निदेशालय (Andaman & Nicobar Islands Directorate of Disaster Management- DDM) और INCOIS के सदस्यों को शामिल किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

30. (a)

**व्याख्या:**

- अवरोध या डेटरेंस (Deterrence) का सामान्य अर्थ है किसी हमले को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से भय, विशेष रूप से दंड और सैन्य शक्ति के द्वारा किसी आपराधिक गतिविधि को रोकना।
- परमाणु हथियारों के संबंध में इसका अर्थ है; अगर आपको पता है कि आपके दुश्मन के पास बड़ी मात्रा में परमाणु हथियार और परमाणु क्षमता है तथा दुश्मन आपके देश के आधे हिस्से को कुछ ही समय में पूरी तरह से नष्ट कर सकता है, तो आप उस देश के खिलाफ युद्ध करने के अपने निर्णय पर काफी गंभीरता से विचार करेंगे। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- वर्ष 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद भारत सरकार ने एक 'राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड' की स्थापना की, जिसके द्वारा वर्ष 1999 में भारतीय परमाणु सिद्धांत पर एक ड्राफ्ट रिपोर्ट जारी की गई।
- ड्राफ्ट रिपोर्ट में व्यापक रूप से भारत की परमाणु 'पहले प्रयोग नहीं की नीति' (No First Use Policy) और 'विश्वसनीय न्यूनतम परमाणु अवरोध' (Credible Minimum Nuclear Deterrence) की रक्षात्मक मुद्रा को रेखांकित किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

31. (c)

**व्याख्या:**

- 'अराकुनोमिक्स' (Arakunomics) मॉडल: यह एक नया एकीकृत आर्थिक मॉडल है जो पुनर्योजी कृषि (Regenerative Agriculture) के माध्यम से किसानों के लिये लाभ और उपभोक्ताओं के लिये गुणवत्ता सुनिश्चित करता है।
- इस आर्थिक मॉडल के आधार पर अराकु (आंध्रप्रदेश) के आदिवासी किसानों ने अराकु क्षेत्र में विश्व स्तरीय कॉफी का उत्पादन किया जिसे वर्ष 2017 में पेरिस (फ्रॉन्स) में लॉन्च किया गया था।
- गौरतलब है कि हाल ही में अराकु, वर्धा और नई दिल्ली के क्षेत्रों में 'अराकुनोमिक्स' (Arakunomics) मॉडल की सफलता के कारण हैदराबाद स्थित नंदी फाउंडेशन को फूड सिस्टम विज़न 2050 पुरस्कार (Food System Vision 2050 Prize) प्रदान किया गया है। **अतः विकल्प ( c ) सही है।**

32. (a)

**व्याख्या:**

- वर्ष 1924-25 में वायकोम सत्याग्रह अस्पृश्यता की कुप्रथा के विरुद्ध त्रावणकोर (केरल) में चलाया गया एक आंदोलन था। इसका उद्देश्य निम्न जातीय एझवाओं एवं अछूतों द्वारा गांधी जी के अहिंसावादी तरीके से त्रावणकोर के एक मंदिर के निकट की सड़कों के उपयोग के बारे में अपने-अपने अधिकारों को मनवाना था। इस आंदोलन का नेतृत्व टी. के. माधवन, के. केलप्पन तथा के. पी. केशव मेनन ने किया था।
- वायकोम के मंदिर प्रवेश सत्याग्रह में गांधी जी ने प्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं लिया था जबकि खेड़ा सत्याग्रह, राजकोट सत्याग्रह, चंपारण सत्याग्रह का नेतृत्त्व स्वयं गांधी जी ने किया था।
- राजकोट सत्याग्रह (वर्ष 1939) के संबंध में महात्मा गांधी के चार दिनों के बाद वायसराय की मध्यस्थता से राजकोट के शासक समझौते पर राजी हुए थे। **अतः विकल्प ( a ) सही है।**

33. (b)

**व्याख्या:**

- मलेरिया ज्वर का कारक प्लाज्मोडियम नामक प्रोटोजोआ है जिसका वाहक मादा एनाफिलीज मच्छर है।
- जबकि डेंगू रोग विषाणु जनित रोग है। प्रत्येक नेत्रगुहा पीड़ा (Retro-Orbital Pain) नेत्र के पीछे होने वाली पीड़ा है जो कि डेंगू ज्वर का लक्षण है। अतः कथन 1 और 2 सही नहीं हैं।
- त्वचा पित्तिका तथा नाक से रक्तस्राव डेंगू के लक्षण हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

34. (c)

**व्याख्या:**

- सूर्य के कोर का तापमान लगभग 15 मिलियन डिग्री सेल्सियस है जबकि इसकी बाहरी परत अर्थात् फोटोस्फीयर (Photosphere) का तापमान मात्र 5700 डिग्री सेल्सियस है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कोरोना (Corona), जो सूर्य के ब्राह्य वातावरण का निर्माण करता है, का तापमान फोटोस्फीयर की तुलना में बहुत अधिक अर्थात् एक मिलियन डिग्री सेल्सियस या उससे भी अधिक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वैज्ञानिक समुदाय लंबे समय से इस पहेली को समझने का प्रयास कर रहे हैं कि वे कौन-से कारक हैं जिनके कारण कोरोना अर्थात् सूर्य के वायुमंडल का तापमान फोटोस्फीयर अर्थात् सूर्य की सतह की तुलना में इतना अधिक है।
- हाल ही में वैज्ञानिकों ने शोध में 'कोरोना की उष्णता' (Coronal Heating) पहेली को समझाने के लिये कोरोना के चुंबकीय क्षेत्र की पहचान की है।

**नोट :**

35. (d)

**व्याख्या:**

- भारत छोड़ों आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ के रूप में सामने आया।
- 08 अगस्त, 2020 को देश भर में महात्मा गांधी द्वारा शुरू किये गए 'भारत छोड़ों आंदोलन' (Quit India Movement) की 78वीं वर्षगाँठ मनाई जा रही है।
- माना जाता है कि यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का आखिरी सबसे बड़ा आंदोलन था, जिसमें सभी भारतवासियों ने एक साथ बड़े स्तर पर भाग लिया था। इस आंदोलन के तहत गांधी जी के नेतृत्त्व में पूरा भारत ब्रिटिश साम्राज्यवाद को उखाड़ने के लिये एक साथ आ गया था।
- क्रिप्स मिशन की असफलता के बाद 'भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस समिति' की बैठक 8 अगस्त, 1942 को बंबई में हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया कि भारत अपनी सुरक्षा स्वयं करेगा और साम्राज्यवाद तथा फासीवाद का विरोध करता रहेगा।
- बंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में अपने एक भाषण में गांधी जी ने 'करो या मरो' का नारा दिया और धीरे-धीरे पूरा देश एकजुट होने लगा।
- इस आंदोलन के दौरान जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, अबुल कलाम आज़ाद और महात्मा गांधी समेत कई बड़े कॉन्ग्रेसी नेताओं को देशद्रोह के आरोप में जेल भेज दिया गया था।
- महात्मा गांधी ने भारतीयों से एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में कार्य करने और अंग्रेज़ों के आदेशों का पालन न करने का आग्रह किया।
- शुरुआत में अंग्रेज़ों ने भारत को संपूर्ण स्वतंत्रता देने से इनकार कर दिया, किंतु बाद में वे द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के पश्चात् स्वतंत्रता देने के लिये सहमत हो गए। वर्ष 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हुआ और भारत को वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त हो गई। **अत: विकल्प (d) सही है।**

36. (b)

**व्याख्या:**

- एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान (Eravikulam National Park- ENP) केरल के इडुक्की ज़िले के देवीकुलम तालुका में दक्षिणी पश्चिमी घाटों के हाई रेंज (कन्नन देवन हिल्स- Kannan Devan Hills) में अवस्थित है।
- यह 97 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला हुआ है और अपने दक्षिणी क्षेत्र में दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी अनाईमुडी (2695 मीटर) से संबद्ध है। इस उद्यान का राजामलाई (Rajamalai) क्षेत्र पर्यटन के लिये प्रसिद्ध है।
- केरल सरकार ने कन्नन देवन हिल प्रोड्यूस (Resumption of Lands) अधिनियम, 1971 [Kannan Devan Hill Produce (Resumption of lands) Act, 1971] के तहत 'कन्नन देवन हिल्स प्रोड्यूस कंपनी' से इस क्षेत्र का अधिग्रहण किया था।
- इसे वर्ष 1975 में 'एराविकुलम राजमाला वन्यजीव अभयारण्य' (Eravikulam Rajamala Wildlife Sanctuary) के रूप में घोषित किया गया था और वर्ष 1978 में एक राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया था।
- यह उद्यान पश्चिमी घाट में अद्वितीय मोंटेन शोला-ग्रासलैंड वनस्पति (Montane Shola-Grassland vegetation) का प्रतिनिधित्त्व करता है। इस उद्यान में नीलाकुरिंजी (Neelakurinji) (स्ट्रोबिलैंथेस कुंठिआनम-Strobilanthes Kunthianam) नामक विशेष फूल पाए जाते हैं जो प्रत्येक 12 वर्ष में एक बार खिलते हैं।
- यह उद्यान लुप्तप्राय 'नीलगिरि तहर' की सबसे अधिक आबादी वाला क्षेत्र है। **अत: विकल्प (b) सही है।**

37. (d)

**व्याख्या:**

- रॉक आर्ट/शैल चित्र मानव द्वारा निर्मित प्राकृतिक पत्थर पर अंकित छाप हैं। इसे सामान्यत: तीन रूपों में विभाजित किया जाता है:
  - शैलोत्कीर्ण (Petroglyphs): जो चट्टान की सतह पर खुदे हुए हैं।
  - चित्रलिपि (Pictographs): जिन्हें सतह पर चित्रित किया गया है।
  - अल्पना/रंगोली/अर्थ फीगर्स (Earth Figures): जो ज़मीन पर बने हुए हैं।

नोट :

- भारत में शैल चित्र मुख्य रूप से निम्नलिखित गुफाओं में पाए जाते हैं:
  - भीमबेटका गुफाएँ (Bhimbetka caves): ये होशंगाबाद तथा भोपाल के बीच स्थित हैं।
  - बाघ गुफाएँ (Bagh caves): मध्य प्रदेश के धार ज़िले में बाघनी नदी के तट पर स्थित है।
  - जोगीमारा गुफाएँ (Jogimara caves): यहाँ बने चित्र अजंता और बाग की गुफाओं के शैल चित्रों से भी पुराने हैं और इनका संबंध बुद्ध (Buddha) से पूर्व की गुफाओं से हैं। ये गुफाएँ छत्तीसगढ़ के सरगुज़ा ज़िले में नर्मदा के उद्गम स्थल के निकट अमरनाथ में स्थित हैं।
  - अरमामलाई गुफाएँ (Armamalai caves): तमिलनाडु के वेल्लोर ज़िले में स्थित अरमामलाई के गुफा चित्र, प्राचीन चित्रों, शैल उत्तकीर्णों (Petroglyphs) और शैल चित्रों के साथ एक जैन मंदिर के लिये जानी जाती हैं। **अतः विकल्प (d) सही है।**

38. (c)

**व्याख्या:**

- वर्ष 2019 में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) ने भारत में निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ सीमा शुल्क (कस्टम्स) अधिनियम, 1962 के तहत 'इन बॉन्ड मैन्युफैक्चर एंड अदर ऑपरेशंस' के ज़रिये 'मेक इन इंडिया' में मज़बूती लाने के लिये एक संशोधित एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम शुरू किया है।
  - ज्ञातव्य है कि सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 65 से किसी भी कस्टम बॉण्डेड वेयरहाउस में विनिर्माण और अन्य परिचालन संभव हो पाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह योजना अधिकारियों के साथ न्यूनतम फिज़िकल इंटरफेस को बढ़ावा देती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 'अनुबंध पर विनिर्माण की सीमा शुल्क व्यवस्था' में पूंजीगत सामान के साथ-साथ कच्चे माल या अनुबंध विनिर्माण में उपयोग होने वाले अन्य सामान पर अलग-अलग दर से आयात शुल्क लगाया जाता है। अगर तैयार माल का निर्यात किया जाता है तो उस पर आयात शुल्क वापस कर दिया जाता है। हालाँकि अगर तैयार माल को घरेलू बाज़ार में मंज़ूरी दी जाती है तो उपयोग किये जाने वाले कच्चे माल पर बिना ब्याज के आयात शुल्क देय होता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

39. (d)

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) संकल्प-1747, संकल्प-1929, संकल्प- 2231 ईरान पर हथियारों के आयात-निर्यात पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित हैं।
- UNSC संकल्प- 2231 'संयुक्त व्यापक कार्रवाई योजना' (JCPOA) को क्रियान्वित करने की दिशा में लाया गया था ताकि ईरान पर लगाए गए हथियार प्रतिबंधों में राहत प्रदान करता है।
- 17 जुलाई, 2015 का यह संकल्प 18 अक्तूबर, 2020 तक ईरान को हथियारों के हस्तांतरण (आयात व निर्यात दोनों) पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है।
- हाल ही में 'खाड़ी सहयोग परिषद' (Gulf Cooperation Council-GCC) द्वारा 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' (UNSC) को एक पत्र भेजकर ईरान पर लगाए गए हथियार प्रतिबंध अवधि का आगे विस्तार करने का समर्थन किया गया है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

40. (a)

**व्याख्या:**

- एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन (Telemedicine) सेवा प्लेटफॉर्मों (ई-संजीवनी और ई-संजीवनी ओपीडी) ने 1,50,000 से अधिक टेली-परामर्शों (Tele-Consultation) को पूरा किया और अपने घरों में रहते हुए ही मरीज़ों को डॉक्टरों के साथ परामर्श करने में सक्षम बनाया है।
- डॉक्टर-टू-डॉक्टर टेली-परामर्श संबंधी इस प्रणाली का कार्यान्वयन आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (AB-HWCs) कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है।

नोट :

- गौरतलब है कि इसके तहत वर्ष 2022 तक 'हब एंड स्पोक' (Hub and Spoke) मॉडल का उपयोग करते हुए देश भर के सभी 1.5 लाख स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों में टेली-परामर्श प्रदान करने की योजना बनाई गई है।
- इस मॉडल में राज्यों द्वारा पहचाने एवं स्थापित किये गए चिकित्सा कॉलेज तथा ज़िला अस्पताल 'हब' (Hub) के रूप में कार्य करेंगे और वे देश भर के स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों यानी 'स्पोक' (Spoke) को टेली-परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराएंगे। **अतः विकल्प (a) सही है।**
- वहीं 'ई-संजीवनी ओपीडी' की शुरुआत COVID-19 महामारी के दौर में रोगियों को घर बैठे डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से की गई थी, इसके माध्यम से नागरिक बिना अस्पताल जाए व्यक्तिगत रूप से डॉक्टरों से परामर्श कर सकते हैं।

41. (b)

**व्याख्या:**

- 'सौर-कलंक' ये सूर्य की बाहरी सतह अर्थात् फोटोस्फीयर (Photosphere) में स्थित ऐसे होते हैं, जिनका तापमान आसपास के क्षेत्र की तुलना में कम तथा तथा चुंबकीय क्षेत्र अधिक होता है।कोरोना (Corona) सूर्य के ब्राह्य वातावरण का निर्माण करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- माउंडर मिनिमम अर्थात् न्यूनतम सौर कलंक सक्रियता के समय धरातलीय सतह तथा उसके वायुमंडल का शीतलन, जबकि अधिकतम सौर कलंक सक्रियता काल के समय वायुमंडलीय उष्मन होता है। **अतः कथन 2 सही है।**

42. (a)

**व्याख्या:**

- 'राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति'- 2018 के द्वारा गन्ने का रस, चीनी युक्त सामग्री, स्टार्च युक्त सामग्री तथा क्षतिग्रस्त अनाज, जैसे- गेहूँ, टूटे चावल और सड़े हुए आलू का उपयोग करके एथेनॉल उत्पादन हेतु कच्चे माल के दायरे का विस्तार किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस नीति में जैव ईंधनों को 'आधारभूत जैव ईंधनों' यानी पहली पीढ़ी (1G) के बायोएथेनॉल और बायोडीज़ल तथा 'विकसित जैव ईंधनों' यानी दूसरी पीढ़ी (2G) के एथेनॉल, निगम के ठोस कचरे (MSW) से लेकर ड्रॉप-इन ईंधन, तीसरी पीढ़ी (3G) के जैव ईंधन, बायो सीएनजी आदि को श्रेणीबद्ध किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

43. (a)

**व्याख्या:**

- भुगतान शेष (Balance Of Payment-BoP) का अभिप्राय ऐसे सांख्यिकी विवरण से होता है, जो कि एक निश्चित अवधि के दौरान किसी देश के निवासियों के विश्व के साथ हुए मौद्रिक लेन-देनों के लेखांकन को रिकॉर्ड करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जब भुगतान शेष (BoP) में सभी तत्त्वों को सही ढंग से समावेशित किया जाता है तो एक आदर्श परिदृश्य में सभी मदों का योग शून्य होता है।
- इसका अर्थ होता है कि धन का अंतर्वाह (Inflows) और बहिर्वाह (Outflows) एक समान है, किंतु वास्तविक और व्यावहारिक परिदृश्य में सदैव ऐसा नहीं होता है।
- किसी देश का भुगतान शेष (BoP) विवरण यह बताता है कि उस देश में शेष विश्व के साथ व्यापार अधिशेष है अथवा व्यापार घाटा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- उदाहरण के लिये जब किसी देश का निर्यात उसके आयात से अधिक होता है, तो उसके BoP में व्यापार अधिशेष होता है, वहीं जब किसी देश का आयात उसके निर्यात से अधिक होता है तो उसे (BoP) में व्यापार घाटे के रूप में प्रदर्शित किया जाता है।

44. (d)

**व्याख्या:**

- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वनवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'इंदिरा वन मितान योजना' (Indira Van Mitan Yojan) शुरू करने की घोषणा की है।

नोट :

- विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इस योजना के तहत, वन आधारित आर्थिक गतिविधियों का प्रबंधन करने के लिये आदिवासी बहुल क्षेत्रों के लगभग 10,000 गाँवों में युवाओं के समर्पित समूह का गठन किया जाएगा।
- युवाओं के ये समूह अनुसूचित क्षेत्रों में वन उपज की खरीद, प्रसंस्करण और विपणन का काम देखेंगे।
- इस संबंध में जारी सूचना के अनुसार, प्रत्येक समूह में 10 से 15 सदस्य शामिल होंगे और इस योजना के तहत राज्य सरकार का लक्ष्य अनुसूचित क्षेत्रों के 19 लाख परिवारों को इसके साथ जोड़ना है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

45. (d)

**व्याख्या:**

भुगतान शेष के मुख्य घटक:

- चालू खाता
  - चालू खाते का उपयोग देशों के बीच माल एवं सेवाओं के अंतर्वाह और बहिर्वाह की निगरानी के लिये किया जाता है। इस खाते में कच्चे माल तथा निर्मित वस्तुओं के संबंध में किये गए सभी भुगतानों और प्राप्तियों को शामिल किया जाता है। चालू खाता के अंतर्गत मुख्यतः तीन प्रकार के लेन-देन, जिसमें पहला वस्तुओं व सेवाओं का आयात-निर्यात और दूसरा कर्मचारियों व विदेशी निवेश से प्राप्त आय एवं खर्च तथा तीसरा विदेशों से प्राप्त अनुदान राशि, उपहार एवं विदेश में बसे कामगारों द्वारा भेजी जाने वाली विप्रेषण (Remittance) की राशि, को शामिल किया जाता है।
- पूंजी खाता
  - देशों के बीच सभी पूंजीगत लेन-देनों की निगरानी पूंजी खाते के माध्यम से की जाती है। पूंजीगत लेन-देन में भूमि जैसी गैर-वित्तीय संपत्तियों की खरीद और बिक्री को शामिल किया जाता है। पूंजी खाते के मुख्यतः तीन तत्त्व हैं, (1) विदेश में स्थित निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों से लिया गया सभी प्रकार का ऋण, (2) गैर-निवासियों द्वारा कॉर्पोरेट शेयरों में किये गए निवेश की राशि और (3) अंततः विनिमय दर के नियंत्रण हेतु देश के केंद्रीय बैंक द्वारा रखा गया विदेशी मुद्रा भंडार।
- वित्तीय खाता
  - रियल एस्टेट, व्यावसायिक उद्यम, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आदि में विभिन्न निवेशों के माध्यम से विदेशों से/को होने वाले धन के प्रवाह पर वित्तीय खाते के माध्यम से निगरानी की जाती है। यह खाता घरेलू परिसंपत्तियों के विदेशी स्वामित्त्व और विदेशी संपत्ति के घरेलू स्वामित्त्व में परिवर्तन को मापता है। इसका विश्लेषण करने से यह ज्ञात किया जा सकता है कि कोई देश अधिक संपत्ति बेच रहा है या प्राप्त कर रहा है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

46. (b)

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय जैव ईंधन समन्वय समिति (National Biofuel Coordination Committee- NBCC) में 'केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री'; जो समिति की अध्यक्षता करता है, के अलावा 14 अन्य मंत्रालयों एवं विभागों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। यह समिति 'जैव ईंधन कार्यक्रम' के कार्यान्वयन एवं प्रभावी निगरानी की दिशा में समन्वय तथा आवश्यक निर्णय लेने का कार्य करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2018 में सरकार ने वर्ष 2009 की जैव ईंधन नीति को संशोधित किया। 'जैव ईंधन पर नई राष्ट्रीय नीति' में वर्ष 2030 तक पेट्रोल में इथेनॉल का 20% तथा डीज़ल में 5% के सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा गया है। इसमें दूसरी पीढ़ी की जैव-रिफाइनरियों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने तथा जैव ईंधन सामग्री के रूप में अवशिष्ट खाद्य पदार्थों के उपभोग की अनुमति प्रदान की गई। **अतः कथन 2 सही है।**
- 'जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति' (National Policy on Biofuels), 2009 में खाद्य बनाम ईंधन के बीच संभावित संघर्ष से बचने के लिये केवल गैर-खाद्य संसाधनों का जैव ईंधन सामग्री के रूप में उपयोग करने का प्रावधान किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**नोट :**

47. (d)

**व्याख्याः**

- तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली (Tiruchirappalli) में 'ट्रॉपिकल बटरफ्लाई कंज़र्वेटरी' (Tropical Butterfly Conservatory- TBC) 27 एकड़ में फैला है और इसे एशिया का सबसे बड़ा तितली पार्क माना जाता है। यह अपर अनाइकट रिज़र्व फॉरेस्ट (Upper Anaicut Reserve Forest) में स्थित है जो तिरुचिरापल्ली में कावेरी और कोल्लीडम (Kollidam) नदियों के बीच स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- तितलियाँ केवल सुंदर प्राणी नहीं हैं बल्कि एक स्वस्थ पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र की संकेतक भी हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- तितलियाँ प्रकृति में खाद्य वेब (Food Web) का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं इसलिये पारिस्थितिक संतुलन के लिये इन प्रजातियों की रक्षा करना बहुत आवश्यक है। ये परागण की प्रक्रिया के द्वारा वैश्विक खाद्य शृंखला में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

48. (c)

**व्याख्याः**

- सीमांत निधि लागत पर आधारित उधार दर (MCLR) बैंक की उस न्यूनतम ब्याज दर को संदर्भित करती है जिससे नीचे ऋण प्रदान नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सीमांत निधि लागत पर आधारित उधार दर (MCLR) एक आतंरिक बेंचमार्क है जिसका अर्थ बैंक द्वारा आंतरिक रूप से निर्धारित एक संदर्भ दर है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे RBI द्वारा प्रस्तुत किया गया और यह 1 अप्रैल, 2016 से लागू है।
- इसे नई कार्य प्रणाली ने आधार दर प्रणाली (Base Rate System) को प्रतिस्थापित किया है जिसे जुलाई 2010 से प्रारंभ किया गया था।

49. (b)

**व्याख्याः**

- 'स्ट्रिआनास्सा लेराई' (Strianassa Lerayi) झींगा (Shrimp) की एक नई प्रजाति है जिसे प्रशांत महासागर में पनामा के कोइबा नेशनल पार्क (Coiba National Park) में स्मिथसोनियन ट्रॉपिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (Smithsonian Tropical Research Institute- STRI) के समुद्री जीवविज्ञानियों द्वारा खोजा गया है। यह नई प्रजाति लाओमेडीडाए (Laomediidae) परिवार से संबंधित है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

50. (c)

**व्याख्याः**

- चिरिकुई की खाड़ी (Gulf of Chiriquí) में अवस्थित कोइबा नेशनल पार्क पनामा के प्रशांत महासागरीय तट से दूर एक समुद्री रिज़र्व है। कोइबा नेशनल पार्क में 38 द्वीपों का एक समूह शामिल है। गौरतलब है कि कोइबा (Coiba), मध्य अमेरिका का सबसे बड़ा द्वीप है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1992 में पनामा ने कोइबा नेशनल पार्क बनाया था जिसमें 1042 वर्ग मील के क्षेत्र में वन, मैंग्रोव एवं प्रवाल भित्तियाँ आदि शामिल हैं। वर्ष 2005 में यूनेस्को (UNESCO) द्वारा विश्व विरासत स्थल का दर्जा पाने वाला कोइबा नेशनल पार्क समृद्ध एवं संरक्षित प्राकृतिक संसाधन का क्षेत्र है। **अतः कथन 2 सही है।**

51. (d)

**व्याख्याः**

- 'द ग्लोबल फंड टू फाइट एड्स, टीबी एंड मलेरिया' (THE Global Fund to Fight AIDS, TB and Malaria- GFATM) एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तपोषक एवं सहयोगात्मक संगठन है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- GFATM को वर्ष 2002 में सरकारों, नागरिक समाज, निजी क्षेत्रों एवं बीमारियों से प्रभावित लोगों के बीच एक साझेदारी के रूप में गठित किया गया था। GFATM का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायता हेतु एचआईवी/एड्स, तपेदिक एवं मलेरिया की महामारी को समाप्त करने के लिये अतिरिक्त संसाधनों को आकर्षित करना तथा उनका लाभ उठाना एवं निवेश करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- GFATM एड्स, टीबी और मलेरिया की रोकथाम, उपचार एवं देखभाल के लिये दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। यह एक वित्तपोषण तंत्र (Financing Mechanism) है न कि कार्यान्वयन एजेंसी (Implementing Agency)। इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में है। **अतः कथन 3 सही है।**

52. (c)

**व्याख्या:**

- माउंट सिनाबंग (Mount Sinabung), इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर अवस्थित एक ज्वालामुखी पर्वत है। हाल ही में इस ज्वालामुखी में पुनः उद्गार हुआ है। लगभग 400 वर्षों की निष्क्रियता के बाद यह ज्वालामुखी वर्ष 2010 में पुनः सक्रिय हुआ था।




- इंडोनेशिया में अवस्थित माउंट सिनाबंग 'रिंग ऑफ फायर' (Ring of Fire) या परिप्रशांत महासागरीय मेखला (Circum-Pacific Belt) का ही एक भाग है।
- 'रिंग ऑफ फायर' (Ring of Fire) या परिप्रशांत महासागरीय मेखला (Circum-Pacific Belt) प्रशांत महासागर के चारों ओर विस्तृत एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ विवर्तनिक प्लेटें आकर आपस में मिलती हैं। यह क्षेत्र निरंतर होने वाली भूकंपीय घटनाओं एवं ज्वालामुखी उद्गार के लिये जाना जाता है। **अतः विकल्प ( c ) सही है।**

53. (d)

**व्याख्या:**

- 'एलीफैंट रिइंट्रोडक्शन फाउंडेशन' (Elephant Reintroduction Foundation) थाईलैंड में स्थित एक धर्मार्थ गैर-लाभकारी संगठन है। इसे वर्ष 1996 में थाईलैंड की रानी सिरीकित (Sirikit) की शाही पहल के रूप में स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- अफ्रीकी हाथी को IUCN की रेड लिस्ट में सुभेद्य (Vulnerable) श्रेणी में जबकि एशियाई हाथी को संकटापन्न (Endangered) श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है। उल्लेखनीय है कि एशियाई हाथी की तीन उप-प्रजातियाँ हैं: भारतीय, सुमात्रन तथा श्रीलंकन। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया 'सुरक्षा' (Surakshya) नामक राष्ट्रीय पोर्टल मानव-हाथी संघर्ष पर आधारित है। इस पोर्टल का उद्देश्य मानव-हाथी संघर्ष से संबंधित रियल टाइम जानकारी एकत्र करना है जिसके आधार पर मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

54. (d)

**व्याख्या:**

- सेरेस (Ceres), मंगल एवं बृहस्पति ग्रह के बीच क्षुद्रग्रह की बेल्ट में स्थित एक बौना ग्रह है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने इस बौने ग्रह पर लवण-युक्त जल के उपसतही भंडार की उपस्थिति की पुष्टि की गई है। **अतः युग्म 1 सही है।**
- SN5 स्टारशिप प्रोटोटाइप (SN5 Starship Prototype), स्पेसएक्स कंपनी के बिना चालक दल वाले 'मार्स शिप' (Mars ship) का हिस्सा है, यह एक स्टेनलेस स्टील परीक्षण वाहन है जिसे SN5 कहा जाता है। हाल ही में इस प्रोटोटाइप ने 60 सेकंड से भी कम समय में 500 फीट से अधिक की ऊँचाई तक सफलतापूर्वक उड़ान भरी। **अतः युग्म 2 सही है।**
- कैसिनी-हाईगेंस, नासा द्वारा शनि एवं उसके उपग्रहों के अध्ययन हेतु प्रक्षेपित एक रोबोटिक अंतरिक्ष यान था। **अतः युग्म 3 सही है।**

55. (b)

**व्याख्या:**

- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (Council of Scientific and Industrial Research-CSIR) द्वारा "मेगा प्रयोगशालाएँ" (Mega labs) विकसित करने पर कार्य किया जा रहा है न कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- COVID-19 परीक्षणों में सटीकता बढ़ाने के लिये इन प्रयोगशालाओं में नेक्स्ट जनरेशन सीक्वेंसिंग (NGS) मशीन की स्थापना की जाएगी। NGS परीक्षणों की सटीकता RT-PCR की तुलना में 70%-80% और एंटीजन परीक्षणों की 50% की तुलना में 97.53% है। जीनोम अनुक्रमण मशीनों से वायरस की उन संभावित उपस्थिति का पता बेहतर तरीके से और उपयुक्त संशोधनों के साथ लगाया जा सकता है जो पारंपरिक रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पोलीमरेज़ चेन रिएक्शन परीक्षण (reverse transcription polymerase chain reaction- RT-PCR) से छूट जाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

56. (d)

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (United Nations Convention on the Law of the Sea- UNCLOS) एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व के सागरों और महासागरों पर देशों के अधिकार एवं ज़िम्मेदारियों का निर्धारण करता है तथा समुद्री साधनों के प्रयोग के लिये नियमों की स्थापना करता है। इसे वर्ष 1982 में अपनाया गया था किंतु यह नवंबर 1994 में प्रभाव में आया।
- भारत ने वर्ष 1995 में UNCLOS को अपनाया, इसके तहत समुद्र के संसाधनों को तीन क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है- आंतरिक जल (IW), प्रादेशिक सागर (TS) और अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ)।
- आंतरिक जल (Internal Waters-IW): यह बेसलाइन की भूमि के किनारे पर होता है तथा इसमें खाड़ी और छोटे खंड शामिल हैं। **अतः युग्म 1 सही है।**
- प्रादेशिक सागर (Territorial Sea-TS): यह बेसलाइन से 12 समुद्री मील की दूरी तक फैला हुआ होता है। इसके हवाई क्षेत्र, समुद्र, सीबेड और सबसॉइल पर तटीय देशों की संप्रभुता होती है एवं इसमें सभी जीवित और गैर-जीवित संसाधन शामिल हैं। **अतः युग्म 2 सही है।**
- अनन्य आर्थिक क्षेत्र ( Exclusive Economic Zone-EEZ): EEZ बेसलाइन से 200 नॉटिकल मील की दूरी तक फैला होता है। इसमें तटीय देशों को सभी प्राकृतिक संसाधनों की खोज, दोहन, संरक्षण और प्रबंधन का संप्रभु अधिकार प्राप्त होता है। **अतः युग्म 3 सही है।**

57. (c)

**व्याख्या:**

- 'SPT0418-47' हमारी आकाशगंगा की तरह दिखने वाली 12 बिलियन प्रकाश वर्ष दूर एक अन्य सुनहरे प्रभामंडल वाली आकाशगंगा है।
- इस आकाशगंगा को चिली में स्थित 'अल्मा रेडियो टेलीस्कोप' (Alma Radio Telescope) द्वारा 'गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग' (Gravitational Lensing) नामक तकनीक का उपयोग करके खोजा गया था जिसमें पास स्थित एक आकाशगंगा एक शक्तिशाली आवर्धक काँच (Magnifying Glass) के रूप में कार्य करती है।

नोट :

- 'SPT0418-47' आकाशगंगा में हमारी आकाशगंगा के समान विशेषताएँ हैं, 1. एक घूर्णन डिस्क 2. एक उभार जो गैलाक्टिक केंद्र (Galactic Centre) के चारों ओर उपस्थित तारों के उच्च घनत्व को दर्शाता है।
- इस आकाशगंगा की खोज में शामिल यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला (European Southern Observatory- ESO) ने कहा है कि 'SPT0418-47' नामक आकाशगंगा इतनी दूर है कि इसके प्रकाश को पृथ्वी तक पहुँचने में अरबों वर्ष लग गए। **अतः विकल्प (c) सही है।**

58. (d)

**व्याख्या:**

- 'भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद' (ICAR) के डेटा रिकवरी सेंटर 'कृषि मेघ' (Krishi Megh) को हैदराबाद में राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी (National Academy of Agricultural Research Management- NAARM) में स्थापित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार और विश्व बैंक दोनों द्वारा वित्त पोषित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (National Agricultural Higher Education Project- NAHEP) के तहत 'कृषि मेघ' की स्थापना की गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 'कृषि मेघ' (Krishi Megh) का उद्देश्य सरकार के प्रमुख अनुसंधान निकाय 'भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद' (Indian Council of Agricultural Research) के महत्त्वपूर्ण आँकड़ों की रक्षा करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

59. (b)

**व्याख्या:**

- लिथोबैटेस कैटेस्बेइनस (Lithobates Catesbeianus) उत्तरी अमेरिका में पाया जाने वाला एक अमेरिकन बुलफ्रॉग है। कई देशों में इसे आक्रामक प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है किंतु यह भारत में नहीं पाया जाता है। इसे IUCN की रेड लिस्ट में संकटमुक्त (Least Concern) की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पोडार्किस मुरालिस (Podarcis Muralis) एक सामान्य दीवार वाली छिपकली है जो यूरोप एवं उत्तरी अमेरिका में पाई जाती है किंतु भारत में नहीं। इसे IUCN की रेड लिस्ट में संकटमुक्त (Least Concern) की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- टायफ्लोचाक्टस मिटचेल्ली (Typhlochactas Mitchelli) एक मैक्सिकन स्कॉर्पियन (Mexican Scorpion) प्रजाति है जो मूल रूप से मैक्सिको में पाई जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

60. (b)

**व्याख्या:**

- सेंडविच स्थल दो महत्त्वपूर्ण शक्तियों के बीच स्थित-स्थल होता है। वेस्ट बैंक, इज़राइल और जॉर्डन के बीच एक 'सेंडविच' के रूप में स्थित है। इसका एक प्रमुख शहर फिलिस्तीन की वास्तविक प्रशासनिक राजधानी 'रामल्लाह' (Ramallah) है।
- इज़राइल ने छह-दिवसीय अरब-इज़राइली युद्ध-1967 में इसे अपने नियंत्रण में ले लिया था और बाद के वर्षों में वहाँ बस्तियाँ स्थापित की हैं। **अतः विकल्प (b) सही है।**

नोट :